The


# THE ACHIEVERS IAS ACADEMY

LANGUAGE -HINDI

# CURRENT AFFAIR

28 – 12 – 2023

Thursday



## 1. यूपी: लखनऊ में बनेगी देश की पहली एआई सिटी



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का दायरा धीरे-धीरे बढ़ता ही जा रहा है. अब देश में भारत के पहले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शहर को बसाने की पहल की गयी है. उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य की राजधानी लखनऊ को एआई शहर के रूप में विकसित करने की मंजूरी दे दी है. नवाबों का शहर' के नाम से मशहूर लखनऊ अब एआई शहर के रूप में जाना जायेगा. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में बढ़त बनाने के उद्देश्य से यूपी की योगी सरकार ने यह फैसला किया है. लखनऊ शहर को राज्य की पिछली सरकारों ने भी आईटी हब के रूप में विकसित करने के लिए उल्लेखनीय कदम उठाये थे जिसे योगी सरकार आगे लेकर जा रही है. यूपी सरकार ने अगले 5 वर्षों में 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है. ऐसे में आईटी जिसे मुख्य सेक्टर का विकास काफी जरुरी हो जाता है जिससे राज्य में बड़े आईटी इन्वेस्टर राज्य में निवेश के लिए आकर्षित होंगे. गौरतलब है कि यूपी आईटी इकोसिस्टम के मामले में छठे स्थान पर है. नोएडा पहले से ही आईटी के केंद्र के रूप में उभरा है, इसी की तर्ज पर अब लखनऊ जैसे टियर 2 शहरों का भी विकास आईटी हब के रूप में किया जा रहा है. उत्तर प्रदेश सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर राज्य को इस क्षेत्र में और आगे ले जाने का प्रयास कर रही है. इसी कड़ी में यह उल्लेखनीय कदम उठाया गया है. देश का सबसे बड़ा राज्य अब भारत के पहले एआई शहर को विकसित करने की राह पर है. ग्रैंड व्यू रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में वैश्विक एआई मार्केट का आकार 137 बिलियन डॉलर आंका गया था. साथ ही साल 2023 में इसके 37.3 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से बढ़ने की उम्मीद जताई गयी है. यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड एआई शहर के विकास के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी कर दिया है जिसमें अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी, अनुसंधान केंद्रों और शैक्षणिक संस्थानों को एकीकृत करके शहर के विकास की बात कही गयी है. प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी, एआई शहर को विकसित करने और संचालित करने के लिए एक रियल एस्टेट डेवलपर को आमंत्रित कर रही है.

## 2. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली बने




भारत के दिग्गज बल्लेबाज और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. विराट डब्ल्यूटीसी के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए है. दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के पहले मैच में यह नया कीर्तिमान अपने नाम किया. इस मामले में उन्होंने भारतीय कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा. रोहित ने अब तक डब्ल्यूटीसी में 26 टेस्ट की 42 पारियों में 2,097 रन बनाए हैं. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में किंग कोहली दुनिया के टॉप 10 बल्लेबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए है. विराट अभी तक 35 टेस्ट मैचों की 57 पारियों में 2101 रन बनाये है. उन्होंने अभी तक डब्ल्यूटीसी में चार शतक और 9 अर्द्धशतक लगाये है. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में इंग्लैंड के दिग्गज बल्लेबाज जो रूट टॉप पर है. रूट के नाम इस टेस्ट चैंपियनशिप में 3987 रन दर्ज है. जो रूट ने 2019-2023 के स्पैन में 47 मैचों की 86 पारियों में लगभग चार हजार बनाये है. रूट के नाम 12 शतक और 16 अर्द्धशतक दर्ज है. इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर मार्नस लाबुशेन है जिन्होंने अभी तक 3641 रन बनाये है. तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ (3,223) और चौथे स्थान पर बेन स्टोक्स (2,710) और 5वें पर बाबर आजम (2,570) हैं.

## 3. बिहार में दीघा से सोनपुर के बीच गंगा नदी पर बनेगा सिक्स लेन पुल, नारियल के लिए MSP को मंजूरी



केंद्रीय कैबिनेट ने कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है। कैबिनेट ने बिहार के दीघा सोनपुर के बीच गंगा नदी पर छह लेन पुल के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके साथ नॉर्थ त्रिपुरा और साउथ त्रिपुरा को जोड़ने से जुड़े प्रस्ताव को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नारियल पर एमएसपी बढ़ाने को भी अपनी मंजूरी दी है। कैबिनेट ने बिहार में दीघा और सोनपुर को जोड़ने वाले गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे, 6-लेन पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी है। बिहार में गंगा नदी पर सिक्स लेन पुल बनाने की परियोजना पर कुल 3,064.45 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। गंगा नदी पर बनने वाले सिक्स लेन पुल के नीचे से बड़े पानी के जहाज भी गुजर सकेंगे। इससे सरकार की देश में नदियों के जलमार्ग को बढ़ाने की परिकल्पना को भी बढ़वा मिलेगा। केंद्रीय कैबिनेट ने त्रिपुरा में खोवाई-हरिना सड़क के बीच 135 किलोमीटर खंड के सुधार और चौड़ीकरण को योजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना में 2,486.78 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। जिसके लिए 1,511.70 करोड़ रुपये का ऋण लिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 2023 सीजन के लिए कोपरा के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को मंजूरी दे दी है। यह अनुमोदन कृषि लागत और मूल्य आयोग की सिफारिशों व प्रमुख नारियल उत्पादक राज्यों की मांगों के आधार पर किया गया है। 2023 सीजन के लिए, मिलिंग कोपरा (सूखे नारियल का गोला) की उचित औसत गुणवत्ता के लिए 10860/- रुपये प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 11750/- रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी निर्धारित किया गया है। पिछले सीजन की तुलना में यह मिलिंग कोपरा के लिए 270/- रुपये प्रति क्विंटल और बॉल कोपरा के लिए 750/- रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है।

### 4. देश का नया जंगी जहाज INS Imphal भारतीय नौसेना में शामिल हुआ



देश का नया जंगी जहाज INS Imphal 26 दिसंबर 2023 को भारतीय नौसेना में शामिल हुआ. इस दौरान रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद थे. साथ ही महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और मणिपुर के मुख्यमंत्री आर बिरेन सिंह भी मौजूद थे. कमीशनिंग का कार्यक्रम मुंबई के नौसेना डॉकयार्ड में हुआ. यह विशाखापट्टनम क्लास का तीसरा गाइडेड मिसाइल डेस्ट्रॉयर है. इंफाल पहला युद्धपोत है जिसका नाम उत्तर पूर्व के एक शहर के नाम पर रखा गया है. इसे पश्चिमी नौसेना कमान को सौंपा जाएगा. यानी ये अरब सागर में दुश्मनों के छक्के छुड़ाएगा. इंफाल की कील 19 मई 2017 को रखी गई थी. जहाज को 20 अप्रैल 2019 को पानी में उतारा गया. जहाज 28 अप्रैल 2023 को अपने पहले समुद्री परीक्षणों के लिए रवाना हुआ था. बंदरगाह और समुद्र में परीक्षणों के एक व्यापक कार्यक्रम से गुजरा है, जिससे छह महीने की रिकॉर्ड समय-सीमा के भीतर 20 अक्टूबर 2023 को इसे सेना को सौंपा गया. नवंबर 2023 में इसी युद्धपोत से एक्सटेंडेड रेंज वाली सुपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण किया गया. ऐसा पहली बार हुआ था जब किसी ऐसे युद्धपोत से ब्रह्मोस मिसाइल का परीक्षण किया गया हो, जिसे अभी नौसेना में शामिल भी नहीं किया गया था. इस जंगी जहाज से निकलने वाली ब्रह्मोस मिसाइल 90 डिग्री पर घूमकर दुश्मन कर हमला करती है. इसके शामिल होने से इंडियन नेवी की ताकत कई गुना बढ़ जाएगी. पश्चिम में पाकिस्तान हो या पूर्व में चीन. दोनों से आने वाले खतरों का सामना करने के लिए यह जंगी जहाज पूरी तरह से तैयार है. इसका नाम द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुई इंफाल की लड़ाई के शहीदों की याद में रखा गया है. यह पहला जंगी जहाज है जिसका नाम उत्तर-पूर्व के किसी शहर के नाम पर रखा गया है. इंफाल युद्धपोत को देश के उत्तर-पूर्व क्षेत्र के किसी भी शहर के नाम पर अब तक का सबसे बड़ा और सबसे उन्नत विध्वंसक होने का अनूठा गौरव प्राप्त है. यह भारत के स्वतंत्रता संग्राम में मणिपुर के बलिदान और योगदान के लिए एक सच्ची श्रद्धांजलि है. चाहे वह 1891 का एंग्लो-मणिपुर युद्ध हो. या

नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वारा 14 अप्रैल 1944 को मोइरांग में पहली बार आईएनए ध्वज फहराना.

### 5. डेविड वॉर्नर ने तोड़ा स्टीव वॉ का बड़ा रिकॉर्ड, रिकी पोंटिंग के बाद ऐसा करने वाले बने दूसरे ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज




डेविड वॉर्नर ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। उनके नाम टेस्ट में 8689, वनडे में 6932 और टी20 में 2894 रन हैं। रिकी पोंटिंग लिस्ट में टॉप पर हैं। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच तीन मैच की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला मेलबर्न में जारी है। इस टेस्ट मैच में मेजबान टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 22 रन बनाते ही पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की लीजेंड्री लिस्ट में शामिल हो गए हैं। दरअसल, वॉर्नर अब ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी फॉर्मेट मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। इस सूची में उन्होंने पूर्व कप्तान स्टीव वॉ को पछाड़ा है। वॉर्नर मेलबर्न में जारी बॉक्सिंग डे टेस्ट में 38 के निजी स्कोर पर आउट हुए, उन्हें आगा सलमान ने पवेलियन की राह दिखाई। इस 38 रनों की पारी के दम पर वॉर्नर के नाम ऑस्ट्रेलिया के लिए कुल 18515 रन हो गए हैं। इस स्टार सलामी बल्लेबाज के नाम टेस्ट में 8689, वनडे में 6932 और टी20 में 2894 रन हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी फॉर्मेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड रिकी पोंटिंग के नाम है। पोंटिंग ने अपने करियर में खेले कुल 559 मैचों में 45.84 की औसत के साथ 27368 रन बनाए थे। फिलहाल कोई खिलाड़ी उनके इस रिकॉर्ड को तोड़ने के फेहरिस्त में नहीं है। बात मुकाबले की करें तो, पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया है। डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा की सलामी जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया को सधी हुई शुरुआत दी। दोनों खिलाड़ियों ने पहले 17 ओवर में अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की। कंगारुओं को पहला झटका आगा सलमान ने 90 के स्कोर पर डेविड वॉर्नर को आउट कर के दिया। वॉर्नर अपने जीवनदान का ज्यादा फायदा नहीं उठा पाए और 38 के निजी स्कोर पर पवेलियन लौटे। वॉर्नर का 2 के निजी स्कोर पर अब्दुल्ला शफीक ने कैच छोड़ा था.

### 6. वित्त वर्ष 2024 के लक्ष्य से चूकने को तैयार विनिवेश, एक दशक में 4 ट्रिलियन रुपये से अधिक की बढ़ोतरी




सरकार के सतर्क रुख और पूरी तरह से निजीकरण से दूर रहने के परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष के लक्ष्य से चूकने की संभावना है। जैसे-जैसे आसन्न आम चुनावों की आशंका मंडरा रही है, सरकार के निजीकरण के प्रयास धीमे हो गए हैं, और राष्ट्रीय संपत्तियों को बेचने के संभावित आरोपों के मद्देनजर सावधानी बरती जा रही है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) और कॉनकोर समेत प्रमुख योजनाओं के ठंडे बस्ते में चले जाने से चालू वित्त वर्ष के लिए महत्वाकांक्षी विनिवेश लक्ष्य पूरा नहीं होने की संभावना है। विश्लेषकों का सुझाव है कि वास्तविक निजीकरण अप्रैल/मई चुनावों के बाद ही फिर से शुरू हो सकता है। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एससीआई) और कॉनकॉर जैसी संस्थाओं के लिए प्रमुख निजीकरण योजनाओं को रोक दिया गया है। विश्लेषकों का अनुमान है कि सार्थक निजीकरण गतिविधियाँ अप्रैल/मई में आगामी आम चुनावों के बाद ही फिर से शुरू हो सकती हैं। चालू वित्त वर्ष के लिए 51,000 करोड़ रुपये की बजट राशि में से केवल 20% (10,049 करोड़ रुपये) आईपीओ और ओएफएस के माध्यम से अल्पांश हिस्सेदारी बिक्री के माध्यम से एकत्र किया गया है। एससीआई, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, बीईएमएल, एचएलएल लाइफकेयर और आईडीबीआई बैंक सहित बड़े निजीकरणों में चल रही उचित परिश्रम प्रक्रियाओं और डीमर्जर जटिलताओं के कारण विलंब का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा मंजूरी और 'फिट एंड प्रॉपर' मंजूरी में देरी के कारण आईडीबीआई बैंक समेत सीपीएसई की रणनीतिक बिक्री अगले वित्तीय वर्ष में बढ़ने की

संभावना है। कर्मचारी संघों का विरोध राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की रणनीतिक बिक्री के लिए चुनौती बन गया है। 2022 में एयर इंडिया और नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) का सफलतापूर्वक निजीकरण करने के बावजूद, सरकार को 2023 में आगे सीपीएसई विनिवेश हासिल करने में बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है। कई हितधारकों से जुड़ी रणनीतिक बिक्री की जटिल प्रकृति लंबी समयसीमा में योगदान करती है।

### 7. भारत न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में खोलेगा महावाणिज्य दूतावास, कैबिनेट ने दी मंजूरी



भारत जल्द ही न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एक महावाणिज्य दूतावास ((consulate general)) खोलेगा। न्यूजीलैंड में बड़ी संख्या में अनिवासी भारतीय रहते हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। उसने कहा कि महावाणिज्य दूतावास के 12 महीने के अंदर खोले जाने और पूरी तह चालू होने की उम्मीद है। ऑकलैंड में इस समय भारत का एक वाणिज्य दूतावास है। महावाणिज्य दूतावास के खुलने से महावाणिज्य दूत की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। इस पद पर आमतौर पर भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारी को नियुक्त किया जाता है। बयान में कहा गया कि ऑकलैंड में भारतीय महावाणिज्य दूतावास खोलने से देश के राजनयिक तानबाने के विस्तार में मदद मिलेगी। इसमें कहा गया है, ''इससे भारत के रणनीतिक और वाणिज्यिक हितों को प्रोत्साहित करने और ऑकलैंड में भारतीय मूल के लोगों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी।' ' अधिकारियों ने कहा कि न्यूजीलैंड में भारतीय मूल के करीब ढाई लाख लोग रहते हैं। इनमें 1.7 लाख लोग ऑकलैंड में रहते हैं। भारत-न्यजीलैंड व्यापार परिषद भी ऑकलैंड में स्थित है।' ' न्यूजीलैंड में भारतीय उच्चायोग वेलिंगटन में है।

### 8. निमोनिया की रोकथाम के लिए मणिपुर में SAANS अभियान 2023-24 का शुभारंभ



बचपन में होने वाले निमोनिया से निपटने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम में, मणिपुर के राज्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. सपम रंजन सिंह ने हाल ही में इंफाल में SAANS अभियान 2023-24 का उद्घाटन किया। साथ ही, मंत्री ने बाल स्वास्थ्य देखभाल के लिए राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (जेएनआईएमएस) को राज्य नवजात संसाधन केंद्र के रूप में भी समर्पित किया। SAANS, जिसका अर्थ है निमोनिया को बेअसर करने के लिए सामाजिक जागरूकता और कार्रवाई, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जाने वाला एक वार्षिक अभियान है। SAANS का प्राथमिक उद्देश्य बचपन में निमोनिया के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाना है, जो बाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण है। SAANS मिशन का लक्ष्य निमोनिया के कारण होने वाली बाल मृत्यु दर को कम करना है, जो सालाना पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली सभी मौतों का लगभग 15% है। SAANS प्रभावी निमोनिया रोकथाम रणनीतियों के बारे में समुदायों को शिक्षित करने के लिए एक जन जागरूकता अभियान शुरू करेगा। इसमें स्तनपान, उम्र के अनुरूप पूरक आहार और टीकाकरण जैसी प्रथाओं को बढ़ावा देना शामिल है। मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) कार्यकर्ता निमोनिया से पीड़ित बच्चों के इलाज में एंटीबायोटिक एमोक्सिसिलिन की प्री-रेफ़रल खुराक देकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र बच्चे के रक्त में कम ऑक्सीजन स्तर का पता लगाने के लिए पल्स ऑक्सीमीटर, उपकरण जो ऑक्सीजन संतृप्ति की निगरानी करते हैं, का उपयोग करेंगे। यह सक्रिय दृष्टिकोण निमोनिया के मामलों में शीघ्र पहचान और हस्तक्षेप सुनिश्चित करता है।

**QUIZ**

**1. निमोनिया की रोकथाम के लिए में किस राज्य में SAANS अभियान 2023-24 का शुभारंभ किया?**

(a) उत्तर प्रदेश
(b) मणिपुर
(c) पश्चिम बंगाल
(d) उत्तराखंड

बचपन में होने वाले निमोनिया से निपटने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम में, मणिपुर के राज्य स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री डॉ. सपम रंजन सिंह ने हाल ही में इंफाल में SAANS अभियान 2023-24 का उद्घाटन किया। साथ ही, मंत्री ने बाल स्वास्थ्य देखभाल के लिए राज्य की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए जवाहरलाल नेहरू आयुर्विज्ञान संस्थान (जेएनआईएमएस) को राज्य नवजात संसाधन केंद्र के रूप में भी समर्पित किया। SAANS, जिसका अर्थ है निमोनिया को बेअसर करने के लिए सामाजिक जागरूकता और कार्रवाई, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू किया जाने वाला एक वार्षिक अभियान है। SAANS का प्राथमिक उद्देश्य बचपन में निमोनिया के खिलाफ कार्रवाई में तेजी लाना है, जो बाल मृत्यु का एक प्रमुख कारण है।

**2. मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कौन करेगा?**

(a) अमित शाह
(b) राजनाथ सिंह
(c) एस जयशंकर
(d) नरेंद्र मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 और 29 दिसंबर 2023 को दिल्ली में मुख्य सचिवों के तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे. मुख्य सचिवों का पहला सम्मेलन जून 2022 में धर्मशाला में और दूसरा जनवरी 2023 में दिल्ली में आयोजित किया गया था. इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्य फोकस 'ईज ऑफ लिविंग' होगा. बताया गया कि चर्चा के प्रमुख क्षेत्र भूमि, बिजली, पेयजल स्वास्थ्य और स्कूली शिक्षा हैं। इसके अलावा साइबर सुरक्षा, जिला कार्यक्रम, योजनाओं का युक्तिकरण और नए युग की टेक्नोलॉजी को लेकर विशेष सत्र भी आयोजित किए जाएंगे।

**3. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज कौन बने है?**

(a) रोहित शर्मा
(b) के एल राहुल
(c) विराट कोहली
(d) अजिक्य रहाणे

भारत के दिग्गज बल्लेबाज और भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए है. दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज के पहले मैच में यह नया कीर्तिमान अपने नाम किया. उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा. रोहित ने अब तक डब्ल्यूटीसी में 26 टेस्ट की 42 पारियों में 2,097 रन बनाए हैं. विराट अभी तक 35 टेस्ट मैचों की 57 पारियों में 2101 रन बनाये है.

**4. 'भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' ने हाल ही में किस राज्य सरकार के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है?**

(a) बिहार
(b) असम
(c) उत्तर प्रदेश
(d) हिमाचल प्रदेश

नवरत्न डीपीएसयू भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) ने अगली पीढ़ी के यूपी डायल 112 प्रोजेक्ट के लिए 23 दिसंबर 2023 को यूपी सरकार के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं, कंपनी ने एक एक्सचेंज फाइलिंग के माध्यम से घोषणा की। बीईएल डायल 112 परियोजना के लिए व्यापक और अत्याधुनिक हार्डवेयर, एआई आधारित सॉफ्टवेयर टूल और साइबर सुरक्षा समाधान प्रदान करेगा, जो पूरे उत्तर प्रदेश राज्य में फैला हुआ है।

**5. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस राज्य में गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे नए पुल के निर्माण को मंजूरी दी है?**

(a) उत्तर प्रदेश
(b) बिहार
(c) पश्चिम बंगाल
(d) उत्तराखंड

कैबिनेट ने बिहार में दीघा और सोनपुर को जोड़ने वाले गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे, 6-लेन पुल के निर्माण को मंजूरी दे दी है। बिहार में गंगा नदी पर सिक्स लेन पुल बनाने की परियोजना पर कुल 3,064.45 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। गंगा नदी पर बनने वाले सिक्स लेन पुल के नीचे से बड़े पानी के जहाज भी गुजर सकेंगे। इससे सरकार की देश में नदियों के जलमार्ग को बढ़ाने की परिकल्पना को भी बढ़वा मिलेगा। केंद्रीय कैबिनेट ने त्रिपुरा में खोवाई-हरिना सड़क के बीच 135 किलोमीटर खंड के सुधार और

चौड़ीकरण को योजना को मंजूरी दी है। इस परियोजना में 2,486.78 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।

**6. हाल ही में भारतीय नौसेना में किस स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर को शामिल किया गया?**

(a) आईएनएस 'इम्फाल'
(b) आईएनएस 'चक्र'
(c) आईएनएस 'ध्वज'
(d) आईएनएस 'कवरत्ती'

भारतीय नौसेना में हाल ही में लेटेस्ट स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर 'इम्फाल' को शामिल किया गया है. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में इसे नौसेना में शामिल किया गया. आईएनएस 'इम्फाल' पहला वॉरशिप है जिसका नाम उत्तर-पूर्व के एक शहर के नाम पर रखा गया है. इसका डिजाइन 'युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो' द्वारा तैयार किया गया है और इसका निर्माण मझगांव डॉक लिमिटेड, मुंबई ने किया है. इंफाल की कील 19 मई 2017 को रखी गई थी. जहाज को 20 अप्रैल 2019 को पानी में उतारा गया. जहाज 28 अप्रैल 2023 को अपने पहले समुद्री परीक्षणों के लिए रवाना हुआ था. बंदरगाह और समुद्र में परीक्षणों के एक व्यापक कार्यक्रम से गुजरा है, जिससे छह महीने की रिकॉर्ड समय-सीमा के भीतर 20 अक्टूबर 2023 को इसे सेना को सौंपा गया.

**7. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कौन बने?**

(a) उस्मान ख्वाजा
(b) डेविड वार्नर
(c) स्टीव स्मिथ
(d) मार्नस लाबुशेन

ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए है. वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ जारी टेस्ट सीरीज में यह उपलब्धि हासिल की. उन्होंने इस मामले में स्टीव वॉ को पीछे छोड़ दिया है. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की लिस्ट में दिग्गज पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग टॉप पर है, जिन्होंने कुल 27,368 रन बनाये है.

**8. भारत के पहले 'एआई सिटी' के रूप में किस शहर को विकसित किया जा रहा है?**

(a) लखनऊ
(b) जयपुर
(c) चेन्नई
(d) कोलकाता

नवाबों का शहर' के नाम से मशहूर लखनऊ शहर को भारत के पहले 'एआई सिटी' के रूप में विकसित किया जायेगा. नोएडा पहले से ही आईटी के केंद्र के रूप में उभरा है, इसी की तर्ज पर अब लखनऊ जैसे टियर 2 शहरों का भी विकास आईटी हब के रूप में किया जा रहा है. ग्रैंड व्यू रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में वैश्विक एआई मार्केट का आकार 137 बिलियन डॉलर आंका गया था. यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड एआई शहर के विकास के लिए रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी कर दिया है.

## ONE LINER

मुख्य सचिवों के तीन दिवसीय तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता कौन करेगा- पीएम नरेंद्र मोदी

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में सर्वाधिक रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज कौन बने है- विराट कोहली

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कौन बने- डेविड वार्नर

निमोनिया की रोकथाम के लिए में किस राज्य में SAANS अभियान 2023-24 का शुभारंभ किया - मणिपुर

केन्द्रीय कैबिनेट ने किस देश में हाल ही में भारत के महावाणिज्य दूतावास खोलने को मंजूरी दी है- ऑकलैंड (न्यूजीलैंड)

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने डब्ल्यूएफआई के दैनिक मामलों को चलाने के लिए कितने सदस्यों की तदर्थ समिति का गठन किया- तीन सदस्य

भारत के पहले 'एआई सिटी' के रूप में किस शहर को विकसित किया जा रहा है- लखनऊ (उत्तर प्रदेश)

हाल ही में भारतीय नौसेना में किस स्टील्थ गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रॉयर को शामिल किया गया- आईएनएस 'इम्फाल'

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस राज्य में गंगा नदी पर 4.56 किमी लंबे नए पुल के निर्माण को मंजूरी दी है- बिहार

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड' ने हाल ही में किस राज्य सरकार के साथ 445 करोड़ रुपये के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए है- उत्तर प्रदेश